# न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी (राजस्व) नोहर

पीठासीन अधिकारी का नाम : सुश्री श्वेता कोचर (आर०ए०एस० )
वाद सं० : 879 सन 2020
अनवान :–

1. सांकेत बंसल पुत्र सुरेशचन्द्र जाति अग्रवाल निवासी भूकरका हाल निवासी रामनगर सौपिग सेन्टर शास्ती नगर जयपुर।

वादी

बनाम

1. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर।

प्रतिवादी

**दावा इस्तकरार हक अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955**
**उपस्थित :– श्री कुलदीप खूडिया अधिवक्ता वादी**
**निर्णय दिनांक :–** 18/02/2021

सक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि वादी ने जरिये अधिवक्ता एक वाद अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के तहत इस आश्य का पेश किया की रोही मौजा भूकरका के खाता संख्या 759/742 की कुल 3.6040हैक्‍ में से 1/44 हिस्सा एवं रोही मौजा चक 2 बीकेके के खाता संख्या 121/110 की कुल 5.2880हैक्‍ भूमि वादी के नाम बतौर खातेदार काश्तकार दर्ज है

उक्त भूमि मे वादी का नाम नामान्तकरण दर्ज करते समय सांकेत पुत्र सुरेशचन्द जाति महाजन दर्ज कर दिया जबकि वादी का सही नाम सांकेत बंसल पुत्र सुरेश कुमार जाति अग्रवाल है राजस्व रिकार्ड में वादी का नाम गलत तौर से दर्ज वादी का सही नाम सांकेत बसल जाति अग्रवाल है यही नाम सभी दस्तावेजात में दर्ज है।

वादी के सभी दस्तावेजात जैसे भारत निर्वाचन आयोग का मतदाता फोटो पहचान पत्र , भारत सरकार का आम आदमी का आधार कार्ड , परिवार राशन कार्ड सभी में वादी का नाम सांकेत बसल पुत्र सुरेशचन्द्र जाति अग्रवाल दर्ज है किन्तु राजस्व रिकार्ड में वादी का नाम सांकेत जाति महाजन दर्ज किया गया है जो गलत है।

वादी का राजस्व रिकार्ड में नाम गलत तौर से दर्ज होने से वादी के खातेदारी अधिकारों का हनन होता है वादी को राज्य सरकार के द्वारा दी जाने वाली केसीसी , खाद बीज का ऋण , मुआवजा व अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त नही हो पा रहा है वादी का अन्य किसी सहखातेदार से कोई अनुतोष नही है वादी केवल राजस्व रिकार्ड में अपना नाम संशोधन करवाना चाहता है।

अतः वादी का नाम राजस्व रिकार्ड में संशोधन किया जाकर सांकेत पुत्र सुरेशचन्द जाति महाजन के स्थान पर सांकेत बसल पुत्र सुरेश कुमार जाति अग्रवाल संशोधन करने के आदेश फरमावे वादी का वाद डिक्री फरमावे।

वादी का वाद प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को तलब किया गया प्रतिवादी संख्या 1 की और से पेरोकार राज उपस्थित होकर जबाब पेश किया की वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुतों के आधार पर राज्यहकों को सुरक्षित रखते हुए वाद का निस्तारण फरमावे जबाब शामिल मिलस किया गया। उभयपक्षों की बहस सुनी ।

वादी के अधिवक्ता ने अपनी बहस में अपने वाद में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए निवेदन किया की की रोही मौजा भूकरका के खाता संख्या 759/742 की कुल 3.6040हैक्‍ में से 1/44 हिस्सा एवं रोही मौजा चक 2 बीकेके के खाता संख्या 121/110 की कुल 5. 2880हैक्‍ भूमि वादी के नाम बतौर खातेदार काश्तकार दर्ज है

उक्त भूमि मे वादी का नाम नामान्तकरण दर्ज करते समय सांकेत पुत्र सुरेशचन्द जाति महाजन दर्ज कर दिया जबकि वादी का सही नाम सांकेत बंसल पुत्र सुरेश कुमार जाति अग्रवाल है राजस्व रिकार्ड में वादी का नाम गलत तौर से दर्ज वादी का सही नाम सांकेत बसल जाति अग्रवाल है यही नाम सभी दस्तावेजात में दर्ज है।

वादी के सभी दस्तावेजात जैसे भारत निर्वाचन आयोग का मतदाता फोटो पहचान पत्र , भारत सरकार का आम आदमी का आधार कार्ड , परिवार राशन कार्ड सभी में वादी का नाम सांकेत बसल पुत्र सुरेशचन्द्र जाति अग्रवाल दर्ज है किन्तु राजस्व रिकार्ड में वादी का नाम सांकेत जाति महाजन दर्ज किया गया है जो गलत है।

वादी का राजस्व रिकार्ड में नाम गलत तौर से दर्ज होने से वादी के खातेदारी अधिकारों का हनन होता है वादी को राज्य सरकार के द्वारा दी जाने वाली केसीसी , खाद बीज का ऋण , मुआवजा व अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त नही हो पा रहा है वादी का अन्य किसी सहखातेदार से कोई अनुतोष नही है वादी केवल राजस्व रिकार्ड में अपना नाम संशोधन करवाना चाहता है वादी का वाद डिक्री फरमावें।

पेरोकार राज ने अपनी बहस में अपने जबाब में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए निवेदन किया की वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुतों के आधार पर राज्य हकों को सुरक्षित रखते हुए वाद का निस्तारण फरमावें।

हमने उभयपक्षों की बहस सुनी पत्रावली का अवलोकन किया प्रस्तुत दस्तावेजात के अनुसार की रोही मौजा भूकरका के खाता संख्या 759/742 की कुल 3.6040हैक्ट में से 1/44 हिस्सा एवं रोही मौजा चक 2 बीकेके के खाता संख्या 121/110 की कुल 5.2880हैक्ट भूमि वादी के नाम बतौर खातेदार काश्तकार दर्ज है जिसमें वादी का नाम सांकेत पुत्र सुरेश कुमार जाति महाजन दर्ज है।

वादी का कथन है कि वादी का नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज करते समय सांकेत बसल पुत्र सुरेश कुमार जाति अग्रवाल के स्थान पर सांकेत पुत्र सुरेशचन्द्र जाति महाजन दर्ज किया गया है सही नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवाना चाहते है।

वादी के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात के मतदाता पहचान पत्र, आम आदमी का आधार कार्ड, परिवार राशन कार्ड, दस्तावेजात सभी में वादी का नाम सांकेत बसल पुत्र सुरेश कुमार जाति अग्रवाल दर्ज है। वादी के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात से वादी का नाम सांकेत बसल जाति अग्रवाल होना प्रतित होता है

वादी के राजस्व रिकार्ड एवं प्रस्तुत अन्य दस्तावेजात में वादी के नामों में भिन्नता है तहसीलदार राजस्व नोहर के अनुसार वादी का नाम राजस्व रिकार्ड में संशोधन किया जाता है तो किसी प्रकार का ऐतराज नही है साथ ही यदि वादी का नाम राजस्व रिकार्ड में संशोधन किया जाता है तो राज्य सरकार को किसी प्रकार की हानी नही होती है बल्की राजस्व रिकार्ड ही संशोधित होता है।

वादी के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात , शपथ पत्र/पेरोकार राज का किसी प्रकार का ऐतराज पेश होने के आधार पर वाद वादी साबित होने के कारण काबिल डिक्री है।

वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुत तथा पेरोकार राज को किसी प्रकार को ऐतराज नही होने के कारण वाद वादी साबित होने के कारण डिक्री किया जाकर घोषणा की जाती है कि रोही मौजा भूकरका के खाता संख्या 759/742 की कुल 3.6040हैक्ट में से 1/44 हिस्सा एवं रोही मौजा चक 2 बीकेके के खाता संख्या 121/110 की कुल 5.2880हैक्ट भूमि में वादी का नाम सांकेत पुत्र सुरेशचन्द्र जाति महाजन अंकित है के स्थान पर सांकेत बंसल पुत्र सुरेशचन्द्र जाति अग्रवाल निवासी भूकरका संशोधन किया जाता है इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकिन किया जावे। व्यय वाद उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे। इसी अनुसार पर्चा डिक्री जारी की जाकर शामिल मिसल की जावे। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर बाद तरतीब तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 18/02/2021 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर बसरे ईजलास में सुनाया गया ।

उपखण्ड अधिकारी ( राजस्व )
नोहर ( हनुमानगढ )

# पर्चा डिक्री

( आर्डर 20, रूल 6–7 जाब्ता दिवानी )

## न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी नोहर

**अज अदालत :– सुश्री श्वेता कोचर ( आर.ए.एस)**

अनवान :–

1. सांकेत बंसल पुत्र सुरेशचन्द्र जाति अग्रवाल निवासी भुकरका तहसील नोहर हाल निवासी रामनगर सौपिग सेन्टर शास्ती नगर जयपुर।

वादी

**बनाम**

1 राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ।

प्रतिवादी

वाद अन्तर्गत धारा 88, राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955

**राजस्व वाद संख्या 879 सन 2019 निर्णय दिनांक–** 10/02/2021

आज यह वाद मुझ श्वेता कोचर उपखण्ड अधिकारी नोहर के समक्ष अधिवक्ता वादीयागण एवं पेरोकार राज की उपस्थिति में अंतिम निपटारे/ निर्णय हेतु प्रस्तुत होने पर वाद वादी साक्ष्यों के आधार पर वाद वादी डिक्री किया जाकर धोषणा की जाती है कि रोही मौजा भूकरका के खाता संख्या 759/742 की कुल 3.6040हैक्ट में से 1/44 हिस्सा एवं रोही मौजा चक 2 बीकेके के खाता संख्या 121/110 की कुल 5.2880हैक्ट भूमि में वादी का नाम सांकेत पुत्र सुरेशचन्द्र जाति महाजन अंकित है के स्थान पर सांकेत बंसल पुत्र सुरेशचन्द्र जाति अग्रवाल निवासी भूकरका संशोधन किया जाता है इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकिन किया जावे। व्यय वाद उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे।

पर्चा डिक्री आज दिनांक 10/02/21 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मुद्रा से जारी की गई ।

उपखण्ड अधिकारी ( राजस्व )
नोहर ( हनुमानगढ )